मुख्यमंत्री का कार्यालय

(जनसंपर्क कोषांग)

बिहार सरकार

प्रेस विज्ञप्ति

संख्या–cm-456
22/09/2025

# मुख्यमंत्री ने जे०पी० गंगा पथ के कोईलवर तक विस्तारीकरण योजना सहित पथ निर्माण विभाग की विभिन्न योजनाओं का किया शिलान्यास, निर्माण कार्य ससमय पूर्ण करने का दिया निर्देश

पटना, 22 सितम्बर 2025 :– मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार ने आज पटना जिला के दीघा में आयोजित कार्यक्रम स्थल से 6495 करोड़ 79 लाख रुपये की लागत से पटना जिला अंतर्गत दीघा–शेरपुर–बिहटा (कोईलवर पुल के पहुंच पथ) तक जे0पी0 गंगा पथ परियोजना के विस्तारीकरण (लंबाई–35.65 कि0मी0) कार्य का शिलान्यास किया। जे0पी0 गंगापथ परियोजना के विस्तारीकरण कार्य पूर्ण होने से पटना–आरा–बक्सर राष्ट्रीय उच्च पथ (एन0एच0–922) तथा लखनऊ–गाजीपुर के बीच निर्मित पूर्वांचल एक्सप्रेस–वे एवं आरा–मोहनिया राष्ट्रीय उच्च पथ (एन0एच0–319) से सम्पर्कता मिलेगी। साथ ही दानापुर–छितनावां–मनेर पथ (पुराना राष्ट्रीय उच्च पथ संख्या–30) पर लगनेवाली जाम की समस्या से मुक्ति मिलेगी। राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान, पटना एवं भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान, पटना आने–जाने में भी काफी सहूलियत होगी। साथ ही बिहटा हवाई अड्डा आने–जाने में सुविधा होगी।

कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री ने कहा कि जे0पी0 गंगापथ का कोईलवर तक विस्तारीकरण कार्य आज से शुरू हो गया है। निर्माण कार्य को गुणवत्तापूर्ण तरीके से ससमय पूर्ण करें। इसके निर्माण कार्य पूर्ण होने से शहरवासियों को आवागमन में और सहूलियत होगी।

मुख्यमंत्री ने दीघा से ही विभिन्न जिलों के 5 अन्य पथों जिनकी कुल लम्बाई 225.475 किलोमीटर है तथा जिनकी लागत 2 हजार 900 करोड़ रुपये है, का भी शिलापट्ट अनावरण कर शिलान्यास किया। इसके अंतर्गत 650 करोड़ 51 लाख की लागत से बांका, मुंगेर एवं भागलपुर जिला अंतर्गत धोरैया–इंगलिस मोड़–असरगंज पथ (लंबाई– 58.47 कि0मी0) का निर्माण कार्य, 814 करोड़ 22 लाख की लागत से मुजफ्फरपुर जिला अंतर्गत हथौड़ी–औराई पथ में एक उच्च स्तरीय पुल (लंबाई– 21.3 कि0मी0) का पहुंच पथ सहित निर्माण कार्य का शिलान्यास किया गया है। साथ ही 373 करोड़ 56 लाख की लागत से भोजपुर जिला अंतर्गत आरा–एकौना–खैरा–सहार पथ (लंबाई– 32.26 कि0मी0) के निर्माण कार्य, 701 करोड़ 26 लाख की लागत से छपरा एवं सीवान जिला अंतर्गत छपरा–मांझी–दरौली–गुठनी पथ (लंबाई–72.18 कि0मी0) के निर्माण कार्य तथा 361 करोड़ 32 लाख की लागत से नवादा, नालंदा एवं गयाजी जिला अंतर्गत बनगंगा–जेठियन–गहलौत–बिन्दस पथ (लंबाई– 41.25 कि0मी0) के निर्माण कार्य का शिलान्यास किया गया।

कार्यक्रम में उपमुख्यमंत्री श्री सम्राट चौधरी, पथ निर्माण मंत्री श्री नितिन नवीन, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव श्री दीपक कुमार, मुख्यमंत्री के सचिव श्री कुमार रवि, पथ निर्माण विभाग के सचिव श्री संदीप कुमार आर0 पुडुकलकट्टी, पटना प्रमंडल के आयुक्त डॉ0 चंद्रशेखर सिंह, बिहार राज्य पथ विकास निगम लिमिटेड के प्रबंध निदेशक श्री शीर्षत कपिल अशोक, जिलाधिकारी डॉ0 त्यागराजन एस0एम0, वरीय पुलिस अधीक्षक श्री कार्तिकेय के0 शर्मा सहित अन्य वरीय अधिकारी एवं गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।

******